AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं 4 अक्तूबर से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 का शैक्षणिक कैलेंडर शुक्रवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं 4 अक्तूबर से प्रस्तावित की गई हैं, जबकि मिड टर्म परीक्षा 01 नवंबर से और पहले सेमेस्टर की परीक्षा 24 जनवरी से शुरू करने का प्रस्ताव है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार पहले सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तिथि 30 सितंबर रखी गई है। इनकी क्लास 04 अक्तूबर से, मिड टर्म परीक्षा 01 नवंबर से, पहले सेमेस्टर का कोर्स पूरा करने की तिथि 22 जनवरी, पहले सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि 10 जनवरी, पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

वहीं, पहले सेमेस्टर के अतिरिक्त अन्य (ऑड) सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तिथि 13 सितंबर और शिक्षण कार्य शुरू करने की तिथि भी 13 सितंबर निर्धारित की गई है। इनकी मिड टर्म परीक्षा 01 नवंबर से 10 दिसंबर तक पूरी होनी है। इनका कोर्स पूरा करने की तिथि 22 जनवरी, इनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि 10 जनवरी है।

विवि ने जारी किया नए सत्र का शैक्षणिक कैलेंडर, शिक्षकों को गर्मी की छुट्टी मात्र 15 दिन की

इनकी सेमेस्टर परीक्षा 24 जनवरी से 28 फरवरी तक आयोजित करनी है। इनका परिणाम 15 मार्च तक जारी करना होगा। वहीं, वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों का प्रवेश 30 सितंबर तक होना है। इनकी क्लास भी 04 अक्तूबर से शुरू होनी है जबकि पहले टर्म की परीक्षा 01 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच आयोजित करनी हैं।

वार्षिक पाठ्यक्रम की दूसरी टर्म परीक्षा फरवरी 2022, कोर्स पूरा करने की तिथि 31 मई और प्रयोगात्मक परीक्षाएं 13 मई तक पूरी करनी हैं जबकि वार्षिक परीक्षा 01 जून से 15 जुलाई के बीच आयोजित कर 20 अगस्त तक परिणाम जारी करना है। इतना ही नहीं कोरोना संक्रमण को देखते हुए यदि 90 दिन से कम कक्षाएं हो रही हैं तो अतिरिक्त कक्षाएं व ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कर सत्र नियमित करने को कहा गया है। मिड टर्म परीक्षाओं का आयोजन करना अनिवार्य है क्योंकि विषम परिस्थितियों को देखते हुए छात्रों की प्रोन्नति की जा सके। वहीं, कोविड के कारण विश्वविद्यालय व कॉलेज बंद रहे हैं। इसे देखते हुए शीतकालीन अवकाश को निरस्त किया जा सकता है। वहीं, जरूरत पड़ने पर आधे-आधे शिक्षकों को 15-15 दिन का अवकाश देते हुए उन्हें शिक्षण संस्थान बुलाया जा सकता है। सत्र नियमित होने तक लंबी छुट्टी पर रोक रहेगी। बता दें कि शिक्षकों को चार सप्ताह का ग्रीष्मावकाश दिया जाता है।

i-NEXT PAGE 5

26 से बायो की काउंसिलिंग 28 से च्वाइस भरने का मौका

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीए बीएससी मैथ व बायो ग्रुप में एडमिशन के लिए ऐलानी काउंसिलिंग

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत तैयार हुए बीए, बीएससी मैथ और बीएससी बायो ग्रुप में एडमिशन के लिए कार्डसलिंग की प्रक्रिया 26 सितंबर संडे से शुरू होगी. स्टूडेंट्स संडे सुबह 10 बजे से 29 सितंबर तक एडमिशन के लिए च्वाइस फिलिंग दे सकते हैं. इस साल एलयू ने सभी कोर्सेज को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार तैयार किया है. यह सभी कोर्सेज चार साल के कर दिए हैं. च्वाइस फिलिंग के लिए स्टूडेंट्स को 200 रुपए व एडवांस फीस के रूप में 500 रुपए यानि कुल 700 रुपए जमा करने होंगे. यदि स्टूडेंट्स को उसके दिए गए विकल्पों च्वाइस में से कोई भी कालेज आवंटित नहीं होता है, तो एडवांस फीस वापस कर दी जाएगी. वहीं अगर स्टूडेंट्स को उसके दिए गए विकल्पों में से कालेज आवंटित होता है तो यह एडवांस फीस शेष फीस में समायोजित की जाएगी.

CONCEPT PIC

एलयू ने कोर्सेज को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार तैयार कर चार साल का कर दिया है. च्वाइस फिलिंग के लिए स्टूडेंट्स को 200 रुपए व एडवांस फीस के रूप में 500 रुपए यानि कुल 700 रुपए जमा करने होंगे.

यहां 30 तक आवेदन

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए हिंदी के ऑनलाइन और ऑफलाइन एडमिशन प्रक्रिया चल रही है. कॉलेज ने खाली सीटें भरने के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 सितंबर तक बढ़ा दी है. प्रिंसिपल डॉ. सुनीता कुमार ने बताया कि एडमिशन की डेट आगे बढ़ाने के साथ ही विभिन्न कोर्सेज के काउंसलिंग शेड्यूल भी जारी किए गए हैं. एमए फर्स्ट इयर की काउंसिलिंग 27 सितंबर को होगी. वहीं बीए, बीए, बीएससी और बीकॉम की काउंसलिंग 30 सितंबर से प्रत्येक कार्य दिवस पर होगी.

30 तक लेट फीस संग फॉर्म

लखनऊ यूनिवर्सिटी व एफिलिएटेड डिग्री कॉलेजों में ग्रेजुएशन के इवेन सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकॉम (सेकंड व फोर्थ सेमेस्टर) और पीजी, मैनेजमेंट, लॉ, डिप्लोमा, बीकॉम (आनर्स), बीसीए, एमसीए, बीएससी व एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय व कोर्स के रेगुलर, बैक पेपर और एग्जेम्टेड सेमेस्टर एग्जाम के एग्जाम के ऑनलाइन एग्जाम फार्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.ac.in पर 1,000 रुपए लेट फीस के साथ 30 सितंबर तक जमा कर सकते हैं.

चार अक्टूबर से होगा एलयू का नया सेशन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी में 30 सितंबर तक ग्रेजुएशन एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करके 4 अक्टूबर से नए सत्र की विधिवत क्लासेस चलने लगेंगी. इस सेशन के लिए गुरुवार को एलयू ने अपना शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है. कोरोना के कारण अगर 180 या 90 से कम दिन की पढ़ाई हो रही है तो कोर्स को पूरा करने के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस लगेंगी.

ताकि पूरा हो सिलेबस

इस बार लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी व अन्य ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि कम समय में सिलेबस पूरा हो सके. जो कैलेंडर जारी किया गया है उसके अनुसार मिड टर्म एग्जाम 1 नवंबर से 10 दिसंबर तक और फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 24 जनवरी से 28 फरवरी तक होंगे. सेकंड सेमेस्टर 1 मार्च से शुरू होगा और मिड टर्म एग्जाम मई में व सेमेस्टर एग्जाम जुलाई से तीन अगस्त तक होंगे. सत्र 2022-23 22 अगस्त 2022 से शुरू होगा.

विंटर वेकेशन नहीं

सेशन को नियमित करने के लिए शिक्षकों की छुट्टियों में कटौती की गई है. सेशन नियमित होने तक विंटर वेकेशन नहीं होगी. वहीं समर में केवल 15-15 दिन का अवकाश दो बार में मिलेगा. 31 मार्च 2023 तक मातृत्व अवकाश को छोड़कर कोई लंबी छुट्टी शिक्षकों को नहीं दी जाएगी. सेशन को नियमित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है.

बीए-बीएससी की काउंसिलिंग कल से

29 सितंबर तक विद्यार्थी भर सकेंगे सीट का विकल्प, प्रोविजनल लिस्ट में शामिल सभी अभ्यर्थी होंगे शामिल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2021-22 की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया गति पकड़ने लगी है। 10 कोर्सों के बाद बीए, बीएससी मैथ्स, बीएससी बायो में प्रवेश की ऑनलाइन काउंसिलिंग 26 सितंबर से शुरू होने जा रही है। नए सत्र से विश्वविद्यालय प्रशासन स्नातक कोर्सों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के अनुसार प्रभावी बना रहा है, जिसमें स्नातक कोर्स चार वर्षीय होंगे। विद्यार्थियों को मल्टीपल एग्जिट का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन काउंसिलिंग व चॉइस फिलिंग 26 सितंबर को सुबह 10 बजे के बाद शुरू होगी। पहले दिन प्रोविजनल मेरिट लिस्ट के सभी छात्र शामिल होंगे, जो चॉइस भर सकेंगे।

अमर उजाला मिशन एडमिशन

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी को चॉइस फिलिंग के 200, एडवांस फीस 500 रुपये सहित कुल 700 रुपये देने होंगे। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गये विकल्पों में से कोई भी कॉलेज आवंटित नहीं होता है तो एडवांस फीस वापस कर दी जाएगी। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गए विकल्पों में से कॉलेज आवंटित होता है तो यह एडवांस फीस शेष फीस में समायोजित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को सुबह 10 बजे से 29 सितंबर तक ऑनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत अभ्यर्थी को अपनी लॉगिन आईडी (जो फॉर्म भरने के समय से उसे प्राप्त है) का प्रयोग करके कॉलेज एवं विश्वविद्यालय व विषय की प्राथमिकता देनी है। चॉइस फिलिंग के लिए सिर्फ वही आवेदक अर्ह हैं, जिनका नाम ओवर ऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में है। प्रो. माथुर ने कहा कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर चॉइस फिलिंग से संबंधित निर्देश अवश्य पढ़कर काउंसिलिंग में शामिल हों।

नारी शिक्षा निकेतन में प्रवेश 30 तक : नारी शिक्षा निकेतन में बीए, बीएससी, बीकॉम व एमए हिंदी के प्रवेश चल रहे हैं। प्रवेश आवेदन ऑनलाइन व ऑफलाइन हो रहे हैं। प्राचार्या डॉ. सुनीता कुमार ने बताया कि प्रवेश 30 सितंबर तक होंगे। इच्छुक छात्राएं अपनी सीट सुरक्षित करवा लें। उन्होंने बताया कि एमए प्रथम वर्ष की प्रवेश काउंसिलिंग 27 सितंबर को होगी। बीए, बीएससी, बीकॉम की काउंसिलिंग 30 सितंबर तक प्रत्येक कार्य दिवस में होगी।

लविवि : फुल टाइम पीएचडी के इंटरव्यू शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी-पीजी के साथ-साथ सत्र 2020-21 की नियमित पीएचडी की इंटरव्यू प्रक्रिया भी शुक्रवार से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार 24 से 30 सितंबर के बीच मेरिट के अनुसार विभिन्न विभागों में पीएचडी के इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। इसका विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

बीए, बीएससी, बीकॉम में ईडब्ल्यूएस की सीटें

लखनऊ। श्री जय नारायण पीजी कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी बायो व मैथ्स में ईडब्ल्यूएस की सीटें बची हुई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी जो इसके तहत प्रवेश चाहते हैं वे नया फॉर्म भरकर, फीस जमाकर प्राचार्या कार्यालय में संपर्क करें। प्राचार्या डॉ. मीता साह ने बताया कि इसमें प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि बीए, बीकॉम व बीएससी बायो, मैथ्स में एसटी की सीटें खाली हैं जबकि बीएससी बायो में एससी की सीटें बची हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी नया फॉर्म भरकर, फीस जमाकर प्रवेश के लिए प्राचार्य कार्यालय में संपर्क करें।

वेद, दर्शन, ज्योतिष और साधना सबके सिद्ध गुरु

पितृपक्ष पर 'हिन्दुस्तान' लखनऊ के उन पुरखों को याद कर रहा है जिन्होंने शहर का मिजाज गढ़ा, नई दिशा दी, तरक्की का ताना-बाना बुना। इस कड़ी में आज पद्मश्री प्रो. बृजेश दुमार शुक्ल को नमन।

पुरखों को नमन 5

1962-2021

- नाम: पद्मश्री प्रो. बृजेश कुमार शुक्ल
- परिचय: संस्कृत व ज्योतिष के प्रकांड विद्वान, एलयू में डीन आर्ट्स और संस्कृत के विभागाध्यक्ष रहे।

लखनऊ। पद्मश्री प्रो. बृजेश कुमार शुक्ल अपनी आयुवर्ग के देश के संभवतः सर्वश्रेष्ठ संस्कृत विद्वान थे। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वेद, दर्शन, साहित्य, कर्मकांड, ज्योतिष, आयुर्वेद, साधना, सिद्धि जैसी सभी विधाओं में पूर्ण अधिकार था। कुशल प्रशासक के गुण भी उनमें थे। उनकी इन्हीं विशेषताओं के चलते भारत सरकार ने पद्मश्री जैसे नागरिक सम्मान से अलंकृत किया था। साथ ही उप्र सरकार द्वारा मिलने वाले शिक्षक सम्मान 'शिक्षकश्री' व 'सरस्वती सम्मान' भी उन्हें प्राप्त हुए। रामकृष्ण संस्कृत अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के अलावा उन्हें मिलने वाले पुरस्कारों और सम्मानों की सूची लम्बी है।

प्रो. शुक्ल ने अपने निर्देशन में 50 से अधिक शोध कराए और दो डीलिट उपाधियां भी दी गईं। उनके 40 ग्रंथ प्रकाशित हुए थे जिनमें से कुछ मौलिक थे और कुछ का उन्होंने सम्पादन किया। प्रो. शुक्ल ने काव्यग्रंथ व खंडकाव्य भी रचे। जिस समय कोरोना ने काल बनकर उन्हें सबसे छीना, उस समय वह लखनऊ विश्वविद्यालय में डीन आर्ट्स और संस्कृत के विभागाध्यक्ष थे। यहां वह ज्योतिर्विज्ञान विभाग के संस्थापक समन्वयक और अभिनव गुप्त संस्थान के निदेशक भी रहे। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में अध्यक्षता की। देश के अलग-अलग शहरों में हर दो वर्ष पर होने वाली ऑल इंडिया ओरिएंटल कॉन्फ्रेंस में वह सात बार सेक्शनल प्रेसिडेंट बने वह इसके कोषाध्यक्ष भी थे।

व्यक्तित्व की बात करें तो वह हमेशा अपने काम को लेकर बहुत नियमित रहते थे और समय के बेहद पाबंद थे। हमेशा लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि वह आधुनिक होने के साथ-साथ आध्यात्मिक भी थे और कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ सही निर्णय लेना जानते थे।

(प्रो. बीके शुक्ल के शिष्य प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र और बेटे वेंकट ललित शुक्ल से बातचीत के आधार पर)

एलयू में नया सत्र चार अक्टूबर से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 सितम्बर तक स्नातक दाखिलों की प्रक्रिया पूरी करके चार अक्टूबर से नए सत्र की कक्षाएं लगेंगी। लविवि ने अपना शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें यह भी जोड़ा है कि कोरोना के कारण अगर 180 या 90 से कम दिन की पढ़ाई हो रही है तो कोर्स पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगेंगी ताकि सत्र नियमित हो सके।

जारी किए गए कैलेंडर के अनुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं एक नवम्बर से 10 दिसम्बर तक और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से 28 फरवरी तक होंगी। इसके बाद सेकंड सेमेस्टर 1 मार्च से शुरू होगा।

JAGRAN CITY PAGE I

स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग कल से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की बीए, बीएससी मैथ और बायोलाजी (चार वर्ष कार्यक्रम-एनईपी 2020) पाठ्यक्रमों की 26 सितंबर सुबह 10 बजे से काउंसिलिंग शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थियों को आनलाइन च्वाइस फिलिंग करनी होगी। लवि प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी हैं, जिनका नाम और रैंक ओवरआल मेरिट लिस्ट में है।

च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपये एवं एडवांस फीस के रूप में 500 रुपये (कुल 700 रुपये) जमा करने होंगे। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गए विकल्पों में से कोई भी कालेज आवंटित नहीं होता है तो एडवांस फीस वापस कर दी जाएगी। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गए विकल्पों में से कालेज आवंटित होता है तो यह एडवांस फीस शेष फीस में समायोजित कर दी जाएगी।

26 से 29 सितंबर तक आनलाइन काउंसिलिंग के तहत अभ्यर्थी को अपनी लागइन आइडी (जो फार्म भरने के समय से उसे प्राप्त है) का प्रयोग करके कालेज व विश्वविद्यालय और विषय च्वाइस फिलिंग करनी होगी। इसके लिए सिर्फ वही आवेदक अर्ह है, जिनका नाम ओवरआल मेरिट लिस्ट में है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वाइस फिलिंग से संबंधित निर्देश अवश्य पढ़ लें।

विलंब शुल्क के साथ 30 तक परीक्षा फार्म भरने का मौका

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय व संयुक्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए खुशखबर है। स्नातक सम सेमेस्टर व अन्य कोर्सों के नियमित, बैक पेपर एवं एग्जेम्टेड परीक्षा सेमेस्टर मई-जून 2021 की परीक्षाओं के आनलाइन परीक्षा फार्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.ac.in पर 1,000 रुपये विलंब शुल्क के साथ भरने की तिथि 30 सितंबर कर दी गई है।

JAGRAN CITY PAGE III

'एनएसएस से जुड़ जीवन में आता बदलाव'

लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों ने मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस को आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को समर्पित करते हुए कई कार्यक्रम, संगोष्ठियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता विषयक कार्यक्रम आयोजित किए। लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार ने शिवराम राजगुरु, भगत सिंह एवं चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। वक्ताओं ने कहा कि एनएसएस से जुड़कर छात्रों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

डा. राकेश द्विवेदी के निर्देशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सभागार में एक और कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डा. अलका मिश्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी डा. अलका मिश्र ने कहा कि हमारे छात्र सुदूर ग्रामीण इलाके के हर व्यक्ति तक पहुंचकर अभावों के बीच जीवन स्तर को कैसे ऊंचा बनाया जा सकता है, इसकी सीख भी प्राप्त करते हैं तथा जनजागृति भी करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने एवं उससे जुड़कर अपने जीवन में आए बदलाव तथा समाज से जुड़कर किए गए कार्य से प्राप्त अनुभव भी साझा किया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डा. महेंद्र कुमार, डा. रुपेश कुमार सहित लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज में एनएसएस की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्राएं ● सौजन्य : स्वयं

'व्यक्तित्व विकास में सहायक है एनएसएस'

गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्या. डा सुरभि गर्ग, एनएसएस के चारो कार्यक्रम अधिकारी डा. रंजीत कौर, डा. पूजा सिंह, डा. दिव्या प्रजापति, डा. कीर्ति पटेल उपस्थित रहे। प्राचार्या ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास में सहायक है। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे...गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इकाईवार स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक और माइम की प्रस्तुति की। माइम प्रस्तुति का शीर्षक चुप्पी तोड़ो... था।

PIONEER PAGE 4

एलयू बीए चार वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर च्वाइस फिलिंग कल से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021.22 के अंतर्गत स्नातक की चल रही प्रवेश प्रक्रिया के बीच बीए चार वर्षीय प्रोग्राम के अतिरिक्त बीएससी मैथ्स, बीएससी बायलॉजी चार वर्षीय कोर्स में दाखिले के लिए च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 26 सितम्बर से शुरू होगी। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल प्रोविज़नल मेरिट लिस्ट में है। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रूपये एवं एडवांस फ़ीस के रूप में 500 रूपये ; कुल 700 रूपयेद्धजमा करने होंगे। यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गये विकल्पों ; च्वाइसद्ध में से कोई भी कालेज आवंटित नहीं होता है तो एडवांस फीस वापस कर दी जाएगी । यदि अभ्यर्थी को उसके दिए गये विकल्पों में से कालेज आवंटित होता है तो यह एडवांस फ़ीस शेष फ़ीस में समायोजित कर दी जाएगी। 26 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आनलाइन काउन्सलिंग के अंतर्गत अभ्यर्थी को अपनी लागइन आईडी ; जो फार्म भरने के समय से उसे प्राप्त हैद्ध का प्रयोग करके कालेज एवं विश्वविद्यालय की एवं विषय च्वाइस फिलिंग अपनी प्राथमिकता के आधार पर करनी होगी। च्वाइस फ़िलिंग के लिए सिर्फ़ वही आवेदक अर्ह हैं जिनका नाम ओवरआल; प्रोविज़नलद्ध मेरिट लिस्ट में है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वाइस फिलिंग से सम्बन्धित निर्देश अवश्य पढ़ लें ।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि ने जारी किया शैक्षणिक कैलेंडर

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 सितम्बर तक स्नातक दाखिलों की प्रक्रिया पूरी करके चार अक्टूबर से यहां नए सत्र की विधिवत् कक्षाएं चलने लगेंगी। इस सत्र के लिए गुरुवार को लविवि ने अपना शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें यह भी जोड़ा गया है कि कोरोना के कारण अगर 180 या 90 से कम दिन की पढ़ाई हो रही है तो कोर्स को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगेंगी, ताकि सत्र नियमित हो सके। इसके साथ ही छात्रों को उप्र उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी व अन्य ऑनलाइन माध्यमों से पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि कम समय में पाठ्यक्रम पूरे हो सकें। जो कैलेंडर जारी किया गया है उसके अनुसार स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं एक नवम्बर से 10 दिसम्बर तक और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से 28 फरवरी तक होंगी। इसके बाद सेकंड सेमेस्टर 1 मार्च से शुरू होगा और मिड टर्म परीक्षा मई में व सेमेस्टर परीक्षाएं एक जुलाई से तीन अगस्त तक होंगी। अगला सत्र (2022-23) 22 अगस्त 2022 से शुरू होगा। बता दें कि सत्र को नियमित करने के लिए शिक्षकों की छुट्टियों में कटौती की गई है। सत्र नियमित होने तक जाड़े की छुट्टियां नहीं होंगी। इसके अलावा गर्मियों में केवल 15-15 दिन का अवकाश दो बार में मिलेगा। साथ ही 31 मार्च 2023 तक सत्र नियमित करने के लिए मातृत्व अवकाश को छोड़कर शिक्षकों को कोई भी लम्बी छुट्टी केवल बहुत जरूरी होने पर ही मिलेगी।

TIMES OF INDIA PAGE 2

Online counselling for LU UG courses to start on Sunday

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University will conduct online counselling for undergraduate courses of BA, BSc (Mathematics) and BSc (Biology) from Sunday. The choice filling window for admission to the three courses will begin at 10 am.

The choice filling will be done by only those candidates whose name and rank appear in the overall (provisional) merit list.

"For the choice filling, the candidate will have to deposit Rs 200 and Rs 500 (total Rs 700) as advance fees. If any college is not allotted to the candidate from the given options, then the advance fee will be refunded. If the candidate is allotted a college from the options given by him, then this advance fee will be adjusted against the remaining fee," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said a candidate will have to fill the college and university option and subject choice by using his login id (which is received by him at the time of filling the form). Candidates must read the instructions related to choice filling by visiting the admission page of the LU website before locking their choices.

ADMISSION PROCESS ON